1. नीरज चोपड़ा ने टोक्यो 2020 ओलंपिक खेलों में किस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था ?

(A) शॉट पुट (B) हैमर थ्रो

(C) जैवलिन थ्रो (D) डिस्कस थ्रो

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In which event did Neeraj Chopra win the gold medal at the Tokyo 2020 Olympic Games ?

(A) Shot Put (B) Hammer Throw

(C) Javelin Throw (D) Discus Throw

(E) None of the above

2. निम्नलिखित में से किस भारतीय भाषा को भारत सरकार द्वारा सर्वप्रथम शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्रदान किया गया था ?

(A) संस्कृत (B) तेलुगु

(C) कन्नड़ (D) तमिल

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following was the first Indian language to be accorded Classical Language status by the Government of India ?

(A) Sanskrit (B) Telugu

(C) Kannada (D) Tamil

(E) None of the above

3. निम्नलिखित में से भारतीय पारंपरिक चित्रकला शैलियों और उनसे संबंधित क्षेत्रों का कौन-सा युग्म सही सुमेलित है ?

(A) कलमकारी – कर्नाटक

(B) पिथोरा – महाराष्ट्र

(C) मधुबनी – बिहार

(D) पटचित्र – असम

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following pairs of traditional Indian painting styles and their associated regions is correctly matched ?

(A) Kalamkari – Karnataka

(B) Pithora – Maharashtra

(C) Madhubani – Bihar

(D) Patachitra – Assam

(E) None of the above

4. रूस की राजधानी _____ है और इसकी आधिकारिक मुद्रा _____ है।

(A) कज़ान; यूरो

(B) मॉस्को; रूबल

(C) व्लादिवोस्तोक; रूबल

(D) सेंट पीटर्सबर्ग; यूरो

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The capital of Russia is _____ and its official currency is _____.

(A) Kazan; Euro

(B) Moscow; Rouble

(C) Vladivostok; Rouble

(D) Saint Petersburg; Euro

(E) None of the above

5. डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने किस मौलिक अधिकार को "संविधान का हृदय और आत्मा" कहा था ?

(A) संवैधानिक उपचारों का अधिकार

(B) जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार

(C) समानता का अधिकार

(D) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which Fundamental Right was described by Dr. B.R. Ambedkar as the "Heart and Soul of the Constitution" ?

(A) Right to Constitutional Remedies

(B) Right to Life and Personal Liberty

(C) Right to Equality

(D) Right to Freedom of Religion

(E) None of the above

6. निम्नलिखित में से कौन-सा यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल मध्य प्रदेश में स्थित ***नहीं*** है ?

(A) अजंता की गुफाएँ

(B) भीमबेटका के शैल आश्रय

(C) साँची के बौद्ध स्मारक

(D) खजुराहो मंदिर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following UNESCO World Heritage Sites is ***not*** located in Madhya Pradesh ?

(A) Ajanta Caves

(B) Rock Shelters of Bhimbetka

(C) Buddhist Monuments at Sanchi

(D) Khajuraho Temples

(E) None of the above

7. निम्नलिखित में से कौन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का संस्थापक था ?

(A) प्रो. यू.आर. राव

(B) डॉ. विक्रम साराभाई

(C) डॉ. सतीश धवन

(D) डॉ. होमी जे. भाभा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who among the following was the founder of the Indian Space Research Organisation (ISRO) ?

(A) Prof. U.R. Rao

(B) Dr. Vikram Sarabhai

(C) Dr. Satish Dhawan

(D) Dr. Homi J. Bhabha

(E) None of the above

8. निम्नलिखित में से कौन-सा पशु भारत के राज्य प्रतीक में दर्शक के दृष्टिकोण से धर्म चक्र के दाईं ओर दिखाई देता है ?

(A) घोड़ा

(B) बैल

(C) सिंह

(D) हाथी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In the State Emblem of India, which of the following animals appears to the right of the Dharma Chakra from the observer's perspective ?

(A) Horse

(B) Bull

(C) Lion

(D) Elephant

(E) None of the above

9. रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त करने वाले/वाली पहले/पहली भारतीय संगीतकार कौन थे/थीं ?

(A) एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी

(B) लता मंगेशकर

(C) भीमसेन जोशी

(D) बालमुरलीकृष्ण

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who was the first Indian musician to receive the Ramon Magsaysay Award ?

(A) M.S. Subbulakshmi

(B) Lata Mangeshkar

(C) Bhimsen Joshi

(D) Balamuralikrishna

(E) None of the above

10. निम्नलिखित में से महत्त्वपूर्ण दिनों और उनकी तिथियों का कौन-सा युग्म सुमेलित **नहीं** है ?

(A) अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस – 21 मार्च

(B) विश्व वन्यजीव दिवस – 3 मार्च

(C) राष्ट्रीय शिक्षा दिवस – 11 नवंबर

(D) विश्व खाद्य दिवस – 14 अक्टूबर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following pairs of important days and their dates is ***not*** correctly matched ?

(A) International Day of Forests – March 21

(B) World Wildlife Day – March 3

(C) National Education Day – November 11

(D) World Food Day – October 14

(E) None of the above

11. सियाचिन ग्लेशियर किस पर्वत श्रृंखला में स्थित है ?

(A) पीर पंजाल श्रृंखला (B) ज़ांस्कर श्रृंखला

(C) काराकोरम श्रृंखला (D) शिवालिक श्रृंखला

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Siachen Glacier is located in which mountain range ?

(A) Pir Panjal Range (B) Zanskar Range

(C) Karakoram Range (D) Shiwalik Range

(E) None of the above

12. निम्नलिखित में से किस संगम पर भागीरथी और अलकनंदा नदियाँ मिलकर गंगा नदी का निर्माण करती हैं ?

(A) रुद्रप्रयाग (B) विष्णुप्रयाग

(C) देवप्रयाग (D) कर्णप्रयाग

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

At which of the following confluences do the rivers Bhagirathi and Alaknanda meet to form the river Ganga ?

(A) Rudraprayag (B) Vishnuprayag

(C) Devprayag (D) Karnaprayag

(E) None of the above

13. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची I (रामसर स्थल)	**सूची II (स्थान)**
a. गोकुल जलाशय	i. भरतपुर, राजस्थान
b. नलसरोवर पक्षी अभयारण्य	ii. अहमदाबाद, गुजरात
c. पटना पक्षी अभयारण्य	iii. बक्सर, बिहार
d. केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान	iv. एटा, उत्तर प्रदेश

कूट :

(A) a-iii, b-iv, c-ii, d-i (B) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(C) a-iii, b-ii, c-iv, d-i (D) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

List I (Ramsar Site)	**List II (Location)**
a. Gokul Jalashay	i. Bharatpur, Rajasthan
b. Nalsarovar Bird Sanctuary	ii. Ahmedabad, Gujarat
c. Patna Bird Sanctuary	iii. Buxar, Bihar
d. Keoladeo National Park	iv. Etah, Uttar Pradesh

Code :

(A) a-iii, b-iv, c-ii, d-i (B) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(C) a-iii, b-ii, c-iv, d-i (D) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(E) None of the above

14. निम्नलिखित में से कौन-सा विश्व का सबसे बड़ा द्वीप है ?

(A) बोर्नियो (B) मेडागास्कर

(C) ग्रीनलैंड (D) न्यू गिनी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following is the largest island in the world ?

(A) Borneo (B) Madagascar

(C) Greenland (D) New Guinea

(E) None of the above

15. कौन-सा भारतीय राज्य बांग्लादेश और म्याँमार दोनों के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा साझा करता है ?

(A) मणिपुर (B) मिज़ोरम

(C) मेघालय (D) त्रिपुरा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which Indian state shares international boundaries with both Bangladesh and Myanmar ?

(A) Manipur (B) Mizoram

(C) Meghalaya (D) Tripura

(E) None of the above

16. स्नेल के नियम के अनुसार, वायु के सापेक्ष किसी माध्यम का अपवर्तनांक निम्नलिखित के रूप में परिभाषित किया जाता है :

(A) $\frac{i}{r}$ (B) $\frac{\sin i}{\sin r}$

(C) $\frac{r}{i}$ (D) $\frac{\sin r}{\sin i}$

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

According to Snell's law, the refractive index of a medium with respect to air is defined as the following :

(A) $\frac{i}{r}$ (B) $\frac{\sin i}{\sin r}$

(C) $\frac{r}{i}$ (D) $\frac{\sin r}{\sin i}$

(E) None of the above

17. प्रोटीन की एकलक इकाई है :

(A) न्यूक्लिओटाइड (B) वसीय अम्ल

(C) ग्लूकोस (D) ऐमीनो अम्ल

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The monomer unit of proteins is :

(A) Nucleotide (B) Fatty acid

(C) Glucose (D) Amino acid

(E) None of the above

18. वह संधि जिसके द्वारा तंत्रिका आवेग का एक न्यूरॉन से दूसरे न्यूरॉन तक संचरण होता है, कहलाता है :

(A) मायलिन आवरण (B) द्रुमिका (डेंड्राइट)

(C) अंतर्ग्रथन (सिनेप्स) (D) तंत्रिकाक्ष (एक्सॉन)

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The junction through which nerve impulse is transmitted from one neuron to another is called :

(A) Myelin sheath (B) Dendrite

(C) Synapse (D) Axon

(E) None of the above

19. आवर्त सारणी में किस तत्त्व की विद्युत्-ऋणात्मकता सबसे अधिक होती है ?

(A) फ्लोरीन (B) ऑक्सीजन

(C) क्लोरीन (D) नाइट्रोजन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which element has the highest electronegativity in the periodic table ?

(A) Fluorine (B) Oxygen

(C) Chlorine (D) Nitrogen

(E) None of the above

20. क्षुद्रांत्र के आंतरिक अस्तर (परत) पर मौजूद अनेक अंगुली-जैसे प्रवर्धों को कहा जाता है :

(A) दीर्घरोम

(B) कूपिका

(C) पक्ष्माभ

(D) कशाभ

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The numerous finger-like projections present on the inner lining of the small intestine are called :

(A) Villi

(B) Alveoli

(C) Cilia

(D) Flagella

(E) None of the above

21. भारत की संसद द्वारा 'व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य दशा संहिता' किस वर्ष अधिनियमित की गई थी ?

(A) 2018 (B) 2019

(C) 2020 (D) 2021

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In which year was the 'Occupational Safety, Health and Working Conditions Code' enacted by the Parliament of India ?

(A) 2018 (B) 2019

(C) 2020 (D) 2021

(E) None of the above

22. 1969 में भारत में कितने व्यावसायिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था ?

(A) 10 (B) 14

(C) 16 (D) 12

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

How many commercial banks were nationalised in India in 1969 ?

(A) 10 (B) 14

(C) 16 (D) 12

(E) None of the above

23. 1991 में आर्थिक सुधारों की शुरुआत के दौरान भारत के वित्त मंत्री कौन थे ?

(A) डॉ. मनमोहन सिंह

(B) पी.वी. नरसिम्हा राव

(C) प्रणब मुखर्जी

(D) यशवंत सिन्हा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who was the Finance Minister of India during the introduction of the economic reforms in 1991 ?

(A) Dr. Manmohan Singh

(B) P.V. Narasimha Rao

(C) Pranab Mukherjee

(D) Yashwant Sinha

(E) None of the above

24. भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. आरबीआई की स्थापना 1935 में हुई थी।
2. आरबीआई की स्थापना हिल्टन यंग आयोग की सिफारिशों पर की गई थी।
3. आरबीआई का 1959 में राष्ट्रीयकरण किया गया था।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(A) केवल 1 और 3

(B) केवल 1 और 2

(C) 1, 2 और 3

(D) केवल 2 और 3

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Consider the following statements regarding the Reserve Bank of India (RBI) :

1. RBI was established in 1935.
2. RBI was established on the recommendations of the Hilton Young Commission.
3. RBI was nationalised in 1959.

Which of the above statements are correct ?

(A) 1 and 3 only

(B) 1 and 2 only

(C) 1, 2 and 3

(D) 2 and 3 only

(E) None of the above

25. हरित क्रांति के दौरान किस अधिक उपज देने वाली अर्ध-बौनी धान की किस्म को "मिरेकल राइस" (चमत्कारी धान) कहा गया ?

(A) IR20 (B) IR8

(C) जया (D) पद्मा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which high-yielding semi-dwarf rice variety was dubbed "Miracle Rice" during the Green Revolution ?

(A) IR20 (B) IR8

(C) Jaya (D) Padma

(E) None of the above

26. एक उत्पाद पर उसके क्रय मूल्य से 20% अधिक मूल्य अंकित किया जाता है और 10% की छूट पर बेचा जाता है। यदि अर्जित लाभ ₹ 400 है, तो उत्पाद का क्रय मूल्य क्या है ?

(A) ₹ 5,500 (B) ₹ 4,800

(C) ₹ 4,000 (D) ₹ 5,000

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

A product is marked 20% above its cost price and sold at a 10% discount. If the profit earned is ₹ 400, what is the cost price of the product ?

(A) ₹ 5,500 (B) ₹ 4,800

(C) ₹ 4,000 (D) ₹ 5,000

(E) None of the above

27. एक भिन्न 0·375 के बराबर है। यदि इसके अंश में 5 और हर में 8 जोड़े जाएँ, तो प्राप्त भिन्न $\frac{1}{2}$ है। मूल भिन्न क्या है ?

(A) $\frac{4}{9}$

(B) $\frac{9}{24}$

(C) $\frac{3}{8}$

(D) $\frac{5}{9}$

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

A fraction is equivalent to 0·375. If 5 is added to its numerator and 8 to its denominator, the resulting fraction is $\frac{1}{2}$. What is the original fraction ?

(A) $\frac{4}{9}$

(B) $\frac{9}{24}$

(C) $\frac{3}{8}$

(D) $\frac{5}{9}$

(E) None of the above

28. दो उम्मीदवारों के बीच हुए चुनाव में, डाले गए कुल मतों में से 10% मत अवैध घोषित कर दिए गए। जीतने वाले उम्मीदवार ने कुल वैध मतों का 60% प्राप्त किया और वह 3600 मतों के अंतर से जीत गया। डाले गए मतों की कुल संख्या कितनी थी ?

(A) 18000

(B) 22000

(C) 20000

(D) 24000

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In an election between two candidates, 10% of the total votes polled were declared invalid. The winning candidate secured 60% of the total valid votes and won by a margin of 3600 votes. What was the total number of votes polled ?

(A) 18000

(B) 22000

(C) 20000

(D) 24000

(E) None of the above

29. यदि $2^x \times 3^y = 12$ और $2^y \times 3^x = 18$ है, तो $x + y$ का मान है :

(A) 2

(B) 5

(C) 3

(D) 6

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If $2^x \times 3^y = 12$ and $2^y \times 3^x = 18$, then the value of $x + y$ is :

(A) 2

(B) 5

(C) 3

(D) 6

(E) None of the above

30. अनुभाग A में 25 छात्र हैं जिनका औसत प्राप्तांक 76 है। अनुभाग B में 35 छात्र हैं जिनका औसत प्राप्तांक 64 है। सभी छात्रों का संयुक्त औसत प्राप्तांक है :

(A) 67 (B) 75

(C) 72 (D) 68

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Section A has 25 students with an average score of 76. Section B has 35 students with an average score of 64. The combined average score of all students is :

(A) 67 (B) 75

(C) 72 (D) 68

(E) None of the above

31. यदि अमन, बिपिन से 5 सेमी लंबा है; बिपिन, चेतन से 3 सेमी लंबा है और चेतन, दीपक से 4 सेमी लंबा है, तो उनमें से सबसे कम लंबाई किसकी है ?

(A) चेतन (B) दीपक

(C) अमन (D) बिपिन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If Aman is 5 cm taller than Bipin; Bipin is 3 cm taller than Chetan, and Chetan is 4 cm taller than Deepak, who is the shortest among them ?

(A) Chetan (B) Deepak

(C) Aman (D) Bipin

(E) None of the above

32. 40 छात्रों की कक्षा में, साहिल शीर्ष से 12वें स्थान पर है। यदि मानव, साहिल से 5 स्थान नीचे है, तो नीचे से मानव का स्थान क्या है ?

(A) 28वाँ (B) 22वाँ

(C) 24वाँ (D) 26वाँ

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In a class of 40 students, Sahil is ranked 12th from the top. If Manav is 5 ranks below Sahil, what is Manav's rank from the bottom ?

(A) 28th (B) 22nd

(C) 24th (D) 26th

(E) None of the above

33. किसी निश्चित कूट भाषा में, यदि 'SCHOOL' को 'MPPIDT' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो उसी कूट भाषा में 'MARKET' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा ?

(A) UFKSAM

(B) UFLSAM

(C) UFKSBN

(D) UFLSBN

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In a certain code language, if 'SCHOOL' is coded as 'MPPIDT', how will 'MARKET' be coded in the same code language ?

(A) UFKSAM

(B) UFLSAM

(C) UFKSBN

(D) UFLSBN

(E) None of the above

34. यदि 'X @ Y' का अर्थ है कि X, Y का पुत्र है, 'X # Y' का अर्थ है कि X, Y की पत्नी है और 'X % Y' का अर्थ है कि X, Y का भाई है और यदि D पुरुष है, तो व्यंजक A @ B # C % D में A का D से क्या संबंध है ?

(A) A, D का भाई है

(B) A, D का पुत्र है

(C) A, D का पोता/नाती है

(D) A, D का भतीजा है

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If 'X @ Y' means X is the son of Y, 'X # Y' means X is the wife of Y, and 'X % Y' means X is the brother of Y, and if D is male, what is the relationship of A with D in the expression A @ B # C % D ?

(A) A is the brother of D

(B) A is the son of D

(C) A is the grandson of D

(D) A is the nephew of D

(E) None of the above

35. यदि 15 अगस्त, 2023 को मंगलवार था, तो 15 अगस्त, 2024 को सप्ताह का कौन-सा दिन था ?

(A) बुधवार

(B) गुरुवार

(C) शुक्रवार

(D) शनिवार

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If August 15, 2023 was a Tuesday, what day of the week was August 15, 2024 ?

(A) Wednesday

(B) Thursday

(C) Friday

(D) Saturday


(E) None of the above

निर्देश : *नीचे दिए गए बार ग्राफ का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (36 से 40) के उत्तर दीजिए :*

Direction : *Study the following bar graph and answer the questions (36 to 40) that follow :*

पाँच परीक्षा केंद्रों (A, B, C, D और E) से परीक्षा में उपस्थित और उत्तीर्ण छात्रों की संख्या

Number of students who appeared for and passed the examination from five examination centres (A, B, C, D and E)



36. निम्नलिखित में से किस केंद्र में उन छात्रों की संख्या सबसे अधिक है जो उत्तीर्ण ***नहीं*** हुए ?

(A) केंद्र E

(B) केंद्र B

(C) केंद्र C

(D) केंद्र D

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

At which of the following centres is the number of students who did ***not*** pass the highest ?

(A) Centre E

(B) Centre B

(C) Centre C

(D) Centre D

(E) None of the above

37. यदि केंद्र E में उपस्थित छात्रों की संख्या 20% कम हो जाती है, जबकि उत्तीर्ण होने वालों की संख्या अपरिवर्तित रहती है तो केंद्र E में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों का नया प्रतिशत क्या होगा ?

(A) 90%

(B) 100%

(C) 85%

(D) 80%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If the number of students who appeared at Centre E decreases by 20%, while the number who passed remains unchanged, what will be the new percentage of students who passed at Centre E ?

(A) 90%

(B) 100%

(C) 85%

(D) 80%

(E) None of the above

38. दोनों केंद्रों B और D से उपस्थित छात्रों की कुल संख्या के कितने प्रतिशत छात्र इन दोनों केंद्रों से उत्तीर्ण हुए ?

(A) 70%

(B) 75%

(C) 72%

(D) 80%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What percentage of the total number of students who appeared at both Centres B and D passed at these two centres ?

(A) 70%

(B) 75%

(C) 72%

(D) 80%

(E) None of the above

39. केंद्रों A और D से उत्तीर्ण छात्रों की कुल संख्या का केंद्रों A और D में उपस्थित छात्रों की कुल संख्या से क्या अनुपात है ?

(A) 3 : 4

(B) 5 : 6

(C) 4 : 5

(D) 2 : 3

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the ratio of the total number of students who passed at Centres A and D to the total number of students who appeared at Centres A and D ?

(A) 3 : 4

(B) 5 : 6

(C) 4 : 5

(D) 2 : 3

(E) None of the above

40. केंद्रों A और C से मिलकर उत्तीर्ण हुए छात्रों की संख्या, केंद्रों A, C और E से मिलकर उत्तीर्ण हुए छात्रों की कुल संख्या का कौन-सा अंश (भिन्न) है ?

(A) $\frac{3}{5}$

(B) $\frac{5}{9}$

(C) $\frac{1}{2}$

(D) $\frac{2}{3}$

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The number of students who passed at Centres A and C together constitute what fraction of the total number of students who passed at Centres A, C and E together ?

(A) $\frac{3}{5}$

(B) $\frac{5}{9}$

(C) $\frac{1}{2}$

(D) $\frac{2}{3}$

(E) None of the above

41. केन्द्र सरकार और एक या अधिक राज्य सरकारों के बीच विवाद सर्वोच्च न्यायालय के किस क्षेत्राधिकार (अधिकारिता) के अंतर्गत आते हैं ?

(A) रिट क्षेत्राधिकार

(B) अपीलीय क्षेत्राधिकार

(C) सलाहकारी क्षेत्राधिकार

(D) अनन्य मूल क्षेत्राधिकार

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which jurisdiction of the Supreme Court covers disputes between the Union Government and one or more State Governments ?

(A) Writ Jurisdiction

(B) Appellate Jurisdiction

(C) Advisory Jurisdiction

(D) Exclusive Original Jurisdiction

(E) None of the above

42. भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची की किस सूची के अंतर्गत दत्तकग्रहण और उत्तराधिकार के विषय आते हैं ?

(A) संघ सूची (B) अवशिष्ट शक्तियाँ

(C) समवर्ती सूची (D) राज्य सूची

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Under which list of the Seventh Schedule to the Indian Constitution do Adoption and Succession fall ?

(A) Union List (B) Residuary powers

(C) Concurrent List (D) State List

(E) None of the above

43. भारत के संविधान में राज्य के नीति-निदेशक तत्त्वों की अवधारणा किस देश के संविधान से ली गई है ?

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका

(B) आयरलैंड

(C) सोवियत संघ

(D) यूनाइटेड किंगडम

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

From which country's Constitution was the concept of Directive Principles of State Policy in the Constitution of India borrowed ?

(A) United States of America

(B) Ireland

(C) USSR

(D) United Kingdom

(E) None of the above

44. राज्य सभा को धन विधेयक प्राप्त होने की तिथि के कितने दिनों के भीतर उसे लोक सभा को वापस करना होता है ?

(A) 21 दिन (B) 14 दिन

(C) 10 दिन (D) 15 दिन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Within how many days from the date of its receipt must the Rajya Sabha return a Money Bill to the Lok Sabha ?

(A) 21 days (B) 14 days

(C) 10 days (D) 15 days

(E) None of the above

45. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची I (केंद्र-शासित प्रदेश)	**सूची II (गठन वर्ष)**
a. लद्दाख	i. 2019
b. चंडीगढ़	ii. 1956
c. अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	iii. 1966
d. दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	iv. 2020

कूट :

(A) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

(B) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(C) a-iii, b-ii, c-iv, d-i

(D) a-i, b-ii, c-iv, d-iii

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

List I (Union Territory)	**List II (Year of formation)**
a. Ladakh	i. 2019
b. Chandigarh	ii. 1956
c. Andaman and Nicobar Islands	iii. 1966
d. Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu	iv. 2020

Code :

(A) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

(B) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(C) a-iii, b-ii, c-iv, d-i

(D) a-i, b-ii, c-iv, d-iii

(E) None of the above

निर्देश : *नीचे दी गई सारणी का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (46 से 50) के उत्तर दीजिए :*

Direction : *Study the following table and answer the questions (46 to 50) that follow :*

पाँच संयंत्रों (A, B, C, D और E) में निर्मित इकाइयाँ और गुणवत्ता निरीक्षण में सफल इकाइयाँ

Units manufactured and units passing quality inspection at five plants (A, B, C, D and E)

संयंत्र / Plant	निर्मित इकाइयाँ / Units Manufactured	गुणवत्ता निरीक्षण में सफल इकाइयाँ / Units Passing Quality Inspection
A	600	480
B	750	600
C	800	680
D	900	720
E	950	760
कुल / Total	4000	3240

46. संयंत्रों B और D में निर्मित इकाइयों की कुल संख्या सभी पाँच संयंत्रों में निर्मित इकाइयों की कुल संख्या का कितना प्रतिशत थी ?

(A) 35·50%
(B) 48·25%
(C) 40·25%
(D) 50·50%
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The total number of units manufactured at Plants B and D was what percentage of the total number of units manufactured at all five plants ?

(A) 35·50%
(B) 48·25%
(C) 40·25%
(D) 50·50%
(E) None of the above

47. प्रति संयंत्र निर्मित इकाइयों की औसत संख्या और प्रति संयंत्र गुणवत्ता निरीक्षण में सफल होने वाली इकाइयों की औसत संख्या के बीच क्या अंतर है ?

(A) 148
(B) 160
(C) 152
(D) 144
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the difference between the average number of units manufactured per plant and the average number of units that passed quality inspection per plant ?

(A) 148
(B) 160
(C) 152
(D) 144
(E) None of the above

48. संयंत्र C में निर्मित कुल इकाइयों का कितना प्रतिशत गुणवत्ता निरीक्षण में सफल हुआ ?

(A) 85%
(B) 80%
(C) 82%
(D) 87%
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What percentage of the total units manufactured at Plant C passed the quality inspection ?

(A) 85%
(B) 80%
(C) 82%
(D) 87%
(E) None of the above

49. संयंत्र B में गुणवत्ता निरीक्षण में असफल इकाइयों की संख्या का संयंत्र D में गुणवत्ता निरीक्षण में असफल इकाइयों की संख्या से अनुपात क्या है ?

(A) 4 : 5
(B) 5 : 6
(C) 6 : 7
(D) 3 : 4
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the ratio of the number of units that failed quality inspection at Plant B to the number of units that failed quality inspection at Plant D ?

(A) 4 : 5
(B) 5 : 6
(C) 6 : 7
(D) 3 : 4
(E) None of the above

50. संयंत्र C में 40 ऐसी इकाइयाँ, जो प्रारंभिक गुणवत्ता निरीक्षण में असफल हो गई थीं, पुन: निरीक्षण के बाद सफल हो गईं। संयंत्र C में निर्मित कुल इकाइयों में से अंततः गुणवत्ता निरीक्षण में सफल इकाइयों का अंश (भिन्न) क्या है ?

(A) $\frac{7}{20}$ (B) $\frac{11}{20}$

(C) $\frac{9}{10}$ (D) $\frac{19}{20}$

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

At Plant C, 40 units that initially failed the quality inspection passed after re-inspection. What fraction of the total units manufactured at Plant C was finally passed after quality inspection ?

(A) $\frac{7}{20}$ (B) $\frac{11}{20}$

(C) $\frac{9}{10}$ (D) $\frac{19}{20}$

(E) None of the above

51. निम्नलिखित में से किसने 1906 में अंग्रेजी दैनिक समाचार-पत्र 'बंदे मातरम्' का प्रकाशन शुरू किया ?

(A) दादाभाई नौरोजी

(B) सुरेंद्रनाथ बनर्जी

(C) रवींद्रनाथ टैगोर

(D) बिपिन चंद्र पाल

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who among the following launched the English daily newspaper 'Bande Mataram' in 1906 ?

(A) Dadabhai Naoroji

(B) Surendranath Banerjee

(C) Rabindranath Tagore

(D) Bipin Chandra Pal

(E) None of the above

52. 1926 में भगत सिंह, भगवती चरण वोहरा और सुखदेव थापर द्वारा किस संगठन की स्थापना की गई थी ?

(A) नौजवान भारत सभा

(B) स्वराज पार्टी

(C) हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन

(D) इंडियन इंडिपेंडेंस लीग

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which organisation was founded in 1926 by Bhagat Singh, Bhagwati Charan Vohra and Sukhdev Thapar ?

(A) Naujawan Bharat Sabha

(B) Swaraj Party

(C) Hindustan Republican Association

(D) Indian Independence League

(E) None of the above

53. 1925 की काकोरी ट्रेन डकैती से किस संगठन की गतिविधियों को वित्त-पोषित किया गया था ?

(A) फॉरवर्ड ब्लॉक

(B) स्वराज पार्टी

(C) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस

(D) हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which organization's activities were funded by the Kakori train robbery of 1925 ?

(A) Forward Bloc

(B) Swaraj Party

(C) Indian National Congress

(D) Hindustan Republican Association

(E) None of the above

निम्नलिखित में से किसने दक्षिण भारत के वेदारण्यम में नमक सत्याग्रह का नेतृत्व किया था ?

(A) टी. प्रकाशम

(B) एस. सत्यमूर्ति

(C) के. केलप्पन

(D) सी. राजगोपालाचारी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who among the following led the Salt Satyagraha at Vedaranyam in South India ?

(A) T. Prakasam

(B) S. Satyamurti

(C) K. Kelappan

(D) C. Rajagopalachari

(E) None of the above

55. वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट किस वर्ष पारित किया गया था ?

(A) 1878

(B) 1857

(C) 1905

(D) 1898

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In which year was the Vernacular Press Act passed ?

(A) 1878

(B) 1857

(C) 1905

(D) 1898

(E) None of the above

निर्देश : *नीचे दिए गए पाई चार्ट का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (56 से 60) के उत्तर दीजिए :*


Direction : *Study the following pie chart and answer the questions (56 to 60) that follow :*

किशोरों द्वारा स्मार्टफोनों पर प्रतिदिन व्यतीत औसत समय का वितरण

Distribution of average daily time spent by teenagers on smartphones

स्मार्टफोन पर प्रतिदिन व्यतीत कुल समय = 360 मिनट

Total daily time spent on smartphone = 360 minutes



56. स्मार्टफोन के कुल दैनिक उपयोग का कितना प्रतिशत एजुकेशनल ऐप्स पर व्यतीत होता है ?

(A) 4%

(B) 5%

(C) 8%

(D) 6%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What percentage of the total daily smartphone usage is spent on Educational Apps ?

(A) 4%

(B) 5%

(C) 8%

(D) 6%

(E) None of the above

57. टेक्स्टिंग पर व्यतीत समय, सोशल मीडिया और गेमिंग पर संयुक्त रूप से व्यतीत समय का कौन-सा अंश (भिन्न) है ?

(A) $\frac{5}{11}$ (B) $\frac{3}{11}$ (C) $\frac{1}{13}$ (D) $\frac{2}{13}$

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The time spent on Texting is what fraction of the combined time spent on Social Media and Gaming ?

(A) $\frac{5}{11}$ (B) $\frac{3}{11}$ (C) $\frac{1}{13}$ (D) $\frac{2}{13}$

(E) None of the above

58. यदि वीडियो स्ट्रीमिंग पर व्यतीत समय में 50% की कमी की जाती है और टेक्स्टिंग पर व्यतीत समय दोगुना किया जाता है, तो वीडियो स्ट्रीमिंग और टेक्स्टिंग पर संयुक्त रूप से व्यतीत कुल नया समय कितना होगा ?

(A) 89 मिनट (B) 90 मिनट

(C) 85 मिनट (D) 99 मिनट

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If the time spent on Video Streaming is reduced by 50% and the time spent on Texting is doubled, what is the new total time spent on Video Streaming and Texting combined ?

(A) 89 minutes (B) 90 minutes

(C) 85 minutes (D) 99 minutes

(E) None of the above

59. वीडियो स्ट्रीमिंग और टेक्स्टिंग पर संयुक्त रूप से कुल कितना समय व्यतीत होता है ?

(A) 118 मिनट (B) 108 मिनट

(C) 100 मिनट (D) 115 मिनट

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the total combined time spent on Video Streaming and Texting ?

(A) 118 minutes (B) 108 minutes

(C) 100 minutes (D) 115 minutes

(E) None of the above

60. गेमिंग पर व्यतीत समय का टेक्स्टिंग पर व्यतीत समय से अनुपात क्या है ?

(A) 3 : 2 (B) 2 : 1

(C) 5 : 2 (D) 4 : 1

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the ratio of the time spent on Gaming to the time spent on Texting ?

(A) 3 : 2 (B) 2 : 1

(C) 5 : 2 (D) 4 : 1

(E) None of the above

निर्देश : *नीचे दी गई सारणी का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (61 से 65) के उत्तर दीजिए :*

Direction : *Study the following table and answer the questions (61 to 65) that follow :*

शहर के प्रकार के अनुसार इलेक्ट्रिक वाहन (EV) चार्जर की स्थापना (2024 – 2026)

Electric Vehicle (EV) charger installations by city type (2024 – 2026)

शहर के प्रकार/ City Type	लेवल 2 चार्जर/ Level 2 Chargers	डीसी फास्ट चार्जर/ DC Fast Chargers	अल्ट्रा-फास्ट चार्जर/ Ultra-Fast Chargers	कुल चार्जर/ Total Chargers
महानगरों/ Metropolises	450	250	100	800
राजधानी शहरों/ Capital Cities	300	350	150	800
छोटे शहरों/ Small Towns	150	100	50	300
कुल/ Total	900	700	300	1900

61. सभी तीनों प्रकार के शहरों के संयुक्त रूप से कुल EV चार्जरों का कितना प्रतिशत राजधानी शहरों में है ? (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित)

(A) 47·37%

(B) 45·32%

(C) 38·53%

(D) 40·11%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Capital Cities account for what percentage of the total EV chargers across all three city types combined ? (Rounded to two decimal places)

(A) 47·37%

(B) 45·32%

(C) 38·53%

(D) 40·11%

(E) None of the above

62. एक लेवल 2 चार्जर, एक डीसी फास्ट चार्जर और एक अल्ट्रा-फास्ट चार्जर की स्थापना लागत क्रमशः ₹ 1 लाख, ₹ 5 लाख और ₹ 10 लाख है। राजधानी शहरों और महानगरों में कुल स्थापना लागत के बीच कितना अंतर है ?

(A) ₹ 10·5 करोड़

(B) ₹ 12·5 करोड़

(C) ₹ 6·5 करोड़

(D) ₹ 8·5 करोड़

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The installation cost of a Level 2 charger, a DC Fast charger, and an Ultra-Fast charger is ₹ 1 lakh, ₹ 5 lakh, and ₹ 10 lakh respectively. What is the difference between the total installation cost in Capital Cities and Metropolises ?

(A) ₹ 10·5 crore

(B) ₹ 12·5 crore

(C) ₹ 6·5 crore

(D) ₹ 8·5 crore

(E) None of the above

63. यदि छोटे शहरों में डीसी फास्ट चार्जरों की संख्या 50% बढ़ जाती है, जबकि छोटे शहरों में अन्य सभी प्रकार के चार्जर अपरिवर्तित रहते हैं, तो छोटे शहरों में चार्जरों की नई कुल संख्या क्या होगी ?

(A) 400 (B) 375

(C) 325 (D) 350

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If the number of DC Fast Chargers in Small Towns increases by 50%, while all other charger types in Small Towns remain unchanged, what would be Small Town's new total number of chargers ?

(A) 400 (B) 375

(C) 325 (D) 350

(E) None of the above

64. छोटे शहरों में, लेवल 2 चार्जर कुल स्थापित चार्जरों का कितना प्रतिशत है ?

(A) 30% (B) 60%

(C) 50% (D) 40%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In Small Towns, Level 2 chargers are what percentage of the total chargers installed ?

(A) 30% (B) 60%

(C) 50% (D) 40%

(E) None of the above

65. महानगरों में डीसी फास्ट चार्जर और राजधानी शहरों में अल्ट्रा-फास्ट चार्जर का अनुपात क्या है ?

(A) 2 : 1 (B) 5 : 3

(C) 3 : 2 (D) 5 : 4

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the ratio of DC Fast Chargers in the Metropolises to Ultra-Fast Chargers in the Capital Cities ?

(A) 2 : 1 (B) 5 : 3

(C) 3 : 2 (D) 5 : 4

(E) None of the above

66. निम्नलिखित में से कौन-सा चारों वेदों में सबसे प्राचीन और वैदिक साहित्य का आधार माना जाता है ?

(A) ऋग्वेद (B) सामवेद

(C) यजुर्वेद (D) अथर्ववेद

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following is the earliest of the four Vedas and forms the foundation of Vedic literature ?

(A) Rigveda (B) Samaveda

(C) Yajurveda (D) Atharvaveda

(E) None of the above

67. 1320 में दिल्ली सल्तनत के तुगलक राजवंश की स्थापना किसने की ?

(A) मुहम्मद बिन तुगलक

(B) फिरोज़ शाह तुगलक

(C) गियासुद्दीन तुगलक

(D) नासिरुद्दीन महमूद

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who founded the Tughluq dynasty of the Delhi Sultanate in 1320 ?

(A) Muhammad bin Tughluq

(B) Firoz Shah Tughluq

(C) Ghiyasuddin Tughluq

(D) Nasiruddin Mahmud

(E) None of the above

68. निम्नलिखित में से किस राजवंश ने 10वीं और 11वीं शताब्दी ईस्वी के दौरान खजुराहो में प्रसिद्ध मंदिरों का निर्माण करवाया था ?

(A) चंदेल (B) परमार

(C) चोल (D) सोलंकी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following dynasties constructed the famous temples at Khajuraho during the 10^{th} and 11^{th} centuries CE ?

(A) Chandela (B) Paramara

(C) Chola (D) Solanki

(E) None of the above

69. 1873 में महाराष्ट्र में सत्यशोधक समाज (सत्य की खोज करने वालों का समाज) की स्थापना किसने की ?

(A) स्वामी दयानंद सरस्वती

(B) ज्योतिराव गोविंदराव फुले

(C) ईश्वर चंद्र विद्यासागर

(D) भीमराव रामजी अंबेडकर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who founded the Satyashodhak Samaj (Society of Seekers of Truth) in Maharashtra in 1873 ?

(A) Swami Dayanand Saraswati

(B) Jyotirao Govindrao Phule

(C) Ishwar Chandra Vidyasagar

(D) Bhimrao Ramji Ambedkar

(E) None of the above

70. सम्राट अकबर के शासनकाल में मुगल साम्राज्य के वित्त मंत्री के रूप में किसने कार्य किया ?

(A) राजा रघुनाथ

(B) मुर्शिद कुली खान

(C) राजा टोडरमल

(D) सादुल्लाह खान

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who served as the Finance Minister of the Mughal Empire during the reign of Emperor Akbar ?

(A) Raja Raghunath

(B) Murshid Quli Khan

(C) Raja Todar Mal

(D) Sadullah Khan

(E) None of the above

निर्देश : निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों (71 से 75) के उत्तर दीजिए :

स्वामी विवेकानंद (मूल नाम नरेंद्रनाथ दत्त) आधुनिक भारत के एक महान आध्यात्मिक चिंतक, समाज सुधारक और प्रखर वक्ता थे। उनका जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकता में हुआ था। अपने गुरु रामकृष्ण परमहंस के सानिध्य में उन्होंने भारतीय दर्शन, विशेष रूप से अद्वैत वेदांत की गहन अनुभूति प्राप्त की। सन 1893 में अमेरिका के शिकागो में आयोजित 'विश्व धर्म संसद' में दिए गए उनके ऐतिहासिक भाषण ने वैश्विक स्तर पर भारत की आध्यात्मिक श्रेष्ठता, सहिष्णुता और 'सर्वधर्म समभाव' का संदेश स्थापित किया।

स्वामी विवेकानंद का साहित्य और चिंतन केवल धार्मिक उपदेशों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह कर्म, राष्ट्रवाद और सामाजिक चेतना का ओजस्वी आख्यान है। उन्होंने 'राजयोग', 'कर्मयोग', 'भक्तियोग' और 'ज्ञानयोग' जैसी महान कृतियों की रचना की, जिनमें भारतीय दर्शन के गूढ़ सिद्धांतों को आधुनिक और व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत किया गया। उन्होंने 'प्रबुद्ध भारत' (अंग्रेजी) और 'उद्‌बोधन' (बांग्ला) जैसी पत्रिकाओं के माध्यम से अपने विचारों का प्रसार किया। उनका मानना था कि सच्चा अध्यात्म व्यक्तिगत मोक्ष तक सीमित न होकर समाज के निर्धन और पीड़ित वर्ग की सेवा में निहित है। उनका आह्वान था — "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।"

1897 में उन्होंने 'रामकृष्ण मिशन' की स्थापना की, जिसका मूल मंत्र 'आत्मनो मोक्षार्थं जगद्धिताय च' (अपने मोक्ष और संसार के हित के लिए) था। इस संस्था ने अध्यात्म को मानव सेवा, शिक्षा और स्वास्थ्य के कार्यों से जोड़ा। विवेकानंद ने भारतीय युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने और आत्मविश्वास के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

संक्षेप में, स्वामी विवेकानंद का जीवन और साहित्य व्यावहारिक वेदांत, राष्ट्रवाद और विश्व-बंधुत्व का अनुपम संगम प्रस्तुत करता है। उनकी रचनाएँ आज भी संपूर्ण मानव जाति को आत्मविश्वास, सेवा-भाव और सार्वभौमिक कल्याण का मार्ग दिखाती हैं।

71. स्वामी विवेकानंद के अनुसार 'सच्चा अध्यात्म' किसमें निहित है ?

(A) समाज के निर्धन और पीड़ित वर्ग की सेवा में
(B) केवल कठिन शारीरिक साधना करने में
(C) कर्म और सामाजिक चेतना के आख्यान में
(D) केवल धार्मिक ग्रंथों के निरंतर पाठ में
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

72. विश्व धर्म संसद का आयोजन वर्ष 1893 में कहाँ हुआ ?

(A) लंदन
(B) बोस्टन
(C) न्यूयॉर्क
(D) शिकागो
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

73. भारतीय दर्शन को व्यावहारिक रूप देने के लिए स्वामी विवेकानंद ने किन मुख्य ग्रंथों की रचना की ?

(A) सांख्य सूत्र, न्याय सूत्र और योग सूत्र
(B) राजयोग, कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग
(C) सत्यार्थ प्रकाश, गीता रहस्य और आनंदमठ
(D) पंचतंत्र, हितोपदेश और नीतिशतक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

74. स्वामी विवेकानंद ने अपने विचारों के प्रसार हेतु किन पत्रिकाओं का प्रकाशन प्रारंभ किया था ?

(A) 'हरिजन' और 'यंग इंडिया'
(B) 'संवाद कौमुदी' और 'मिरात-उल-अख़बार'
(C) 'केसरी' और 'मराठा'
(D) 'प्रबुद्ध भारत' और 'उद्‌बोधन'
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

75. स्वामी विवेकानंद के गुरु थे :

(A) स्वामी रामतीर्थ
(B) स्वामी दयानंद सरस्वती
(C) स्वामी श्रद्धानंद
(D) रामकृष्ण परमहंस
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

निर्देश : निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों (76 से 80) के उत्तर दीजिए :

अध्यात्म का शाब्दिक अर्थ है 'अपने भीतर की आत्मा से जुड़ना'। यह केवल पूजा-पाठ, कर्मकांड या किसी विशेष धार्मिक संप्रदाय तक सीमित अवधारणा नहीं है, बल्कि यह मनुष्य के अंतर्मन की खोज और जीवन के वास्तविक उद्देश्य को समझने की एक चेतनात्मक यात्रा है। धर्म प्रायः बाह्य नियमों, रीति-रिवाजों और सामाजिक व्यवस्थाओं से जुड़ा होता है, जबकि अध्यात्म व्यक्ति के आंतरिक अनुभव, आत्म-साक्षात्कार और नैतिक मूल्यों के विकास पर बल देता है।

भारतीय दर्शन में अध्यात्म को मानव जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य माना गया है। यह व्यक्ति को भौतिक बंधनों और क्षणिक सुखों से ऊपर उठाकर शाश्वत शांति एवं आनंद की ओर ले जाता है। अध्यात्म मनुष्य को सिखाता है कि समस्त प्राणियों में एक ही चेतना विद्यमान है, जिससे व्यक्ति के भीतर करुणा, अहिंसा, क्षमा और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना का विकास होता है। योग, ध्यान, स्वाध्याय और आत्म-निरीक्षण अध्यात्म तक पहुँचने के प्रमुख साधन हैं।

आधुनिक परिप्रेक्ष्य में, जहाँ मनुष्य तीव्र भौतिक प्रगति के बावजूद तनाव, अवसाद और मानसिक अशांति से जूझ रहा है, वहाँ अध्यात्म की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है। यह व्यक्ति को आंतरिक संतुलन प्रदान करता है और उसे जीवन की विषमताओं का सामना धैर्यपूर्वक करने की शक्ति देता है। अध्यात्म का उद्देश्य संसार का त्याग करना नहीं है, बल्कि संसार में रहते हुए अनासक्त भाव (कर्मयोग) से अपने कर्तव्यों का पालन करना है।

निष्कर्षतः, अध्यात्म मानव जीवन को दिशा देने वाली वह दिव्य ज्योति है जो व्यक्ति को अज्ञान से ज्ञान की ओर तथा अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है। आधुनिक समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आध्यात्मिक चेतना का समन्वय ही मानव जाति के सर्वांगीण कल्याण और वैश्विक शांति का वास्तविक आधार बन सकता है।

76. निम्नलिखित में से कौन-सा अध्यात्म तक पहुँचने का प्रमुख साधन ***नहीं*** है ?

(A) योग

(B) ध्यान

(C) स्वाध्याय

(D) अवसाद

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

77. गद्यांश के अनुसार अध्यात्म का उद्देश्य क्या है ?

(A) किसी भी प्रकार का कार्य करने से बचना

(B) संसार में रहते हुए अनासक्त भाव से कर्तव्य निभाना

(C) घर-परिवार छोड़कर वनों में चले जाना

(D) केवल धार्मिक अनुष्ठानों में धन खर्च करना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

78. गद्यांश के अनुसार आधुनिक समाज में किसका समन्वय मानव जाति के सर्वांगीण कल्याण और वैश्विक शांति का वास्तविक आधार बन सकता है ?

(A) भौतिक प्रगति और शाश्वत शांति

(B) धार्मिक रूढ़ियों और सामाजिक व्यवस्था

(C) बाह्य नियम और रीति-रिवाज

(D) वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आध्यात्मिक चेतना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

79. भारतीय दर्शन में मानव जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य किसे माना गया है ?

(A) संप्रदाय को

(B) सामाजिक चेतना को

(C) अध्यात्म को

(D) भौतिक बंधनों को

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

80. 'अध्यात्म' शब्द का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

(A) अपने भीतर की आत्मा से जुड़ना

(B) केवल मंदिर और तीर्थ स्थलों की यात्रा करना

(C) केवल धार्मिक ग्रंथों का पाठ करना

(D) सांसारिक वस्तुओं का पूर्ण त्याग करना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

81. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है ?

(A) शरीरीक

(B) शाररिक

(C) शारीरिक

(D) शारिरिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

82. निर्माण का विलोम शब्द है :

(A) उत्थान

(B) विनाश

(C) सृजन

(D) प्राचीन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

83. 'नाक रखना' मुहावरे का अर्थ है :

(A) घृणा करना

(B) परेशान करना

(C) इज़्ज़त बचाना

(D) बेइज़्ज़त करना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

84. 'जो पहनने लायक हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है :

(A) परिधेय

(B) परंतप

(C) परिमेय

(D) पेशल

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

85. 'इत्यादि' शब्द का संधि-विच्छेद है :

(A) ईति + आदि

(B) इत + आदि

(C) इत + इयादि

(D) इति + आदि

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

86. Choose the correct pair of articles to fill in the blanks. If no article is required, choose "No article".

The thief was sent to _____ prison for stealing _____ expensive car.

(A) a / the (B) the / an

(C) No article / an (D) No article / a

(E) None of the above

Direction : *Read the following passage carefully and answer the questions (87 and 88) that follow :*

The ocean presents a fascinating duality to those who study it. On a clear summer day, its surface is a picture of perfect peace, gently lapping against the sandy shore. Yet, beneath this calm exterior lies a world of immense, untamed power. In the ocean, the gentle provider of life and the fierce, destructive force exist in perfect balance. While it provides food for billions of people and regulates the Earth's climate, it can also unleash terrifying hurricanes and massive waves that wipe out coastal towns. Unlike a quiet pond that remains mostly unchanged, the ocean is constantly moving and shifting. It is a beautiful mystery that demands both our deep admiration and our careful respect.

87. In the passage, the phrase "fascinating duality" refers to the ocean being :

(A) a calm surface on summer days yet cold and dark in its depth.

(B) a popular place for summer vacations and water sports.

(C) a source of food for humans while supporting marine biodiversity.

(D) both a peaceful provider and a powerful, destructive force.

(E) None of the above

88. According to the passage, how is the ocean different from a quiet pond ?

(A) The ocean cannot affect the Earth's climate.

(B) The ocean does not provide food for people.

(C) The ocean has a completely calm exterior all year round.

(D) The ocean is constantly moving and shifting.

(E) None of the above

89. Choose the word that is nearest in meaning to "CANDID".

(A) Diplomatic

(B) Reserved

(C) Cautious

(D) Frank

(E) None of the above

90. Identify the type of noun represented by the underlined word in the sentence.

It took the jury three hours to reach a unanimous decision.

(A) Abstract Noun

(B) Collective Noun

(C) Proper Noun

(D) Material Noun

(E) None of the above

91. सांस्कृतिक नीतियों और सतत विकास पर यूनेस्को विश्व सम्मेलन — 'मॉन्डियाकल्ट (MONDIACULT) 2025' का आयोजन _____ में हुआ।

(A) रोम, इटली

(B) बार्सिलोना, स्पेन

(C) पेरिस, फ्रांस

(D) मेक्सिको सिटी, मेक्सिको

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The UNESCO World Conference on Cultural Policies and Sustainable Development — 'MONDIACULT 2025' took place in :

(A) Rome, Italy

(B) Barcelona, Spain

(C) Paris, France

(D) Mexico City, Mexico

(E) None of the above

92. 69वाँ राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन (सी.पी.सी.) 2026 किस शहर में आयोजित किया गया था ?

(A) कैनबरा

(B) नैरोबी

(C) केप टाउन

(D) लंदन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The 69th Commonwealth Parliamentary Conference (CPC) 2026 was organised in which city ?

(A) Canberra

(B) Nairobi

(C) Cape Town

(D) London

(E) None of the above

93. जून 2026 से भारतीय सेना के 31वें सेना प्रमुख (COAS) के रूप में किसे नियुक्त किया गया था ?

(A) एम.वी. सुचिंद्र कुमार

(B) मनोज पांडे

(C) धीरज सेठ

(D) उपेंद्र द्विवेदी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who was appointed as the 31st Chief of the Army Staff (COAS) of the Indian Army with effect from June 2026 ?

(A) M.V. Suchindra Kumar

(B) Manoj Pande

(C) Dhiraj Seth

(D) Upendra Dwivedi

(E) None of the above

94. 2025 में 18वाँ प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था ?

(A) भुवनेश्वर, ओडिशा

(B) इंदौर, मध्य प्रदेश

(C) वाराणसी, उत्तर प्रदेश

(D) बेंगलुरु, कर्नाटक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Where was the 18th Pravasi Bharatiya Divas (PBD) Convention held in 2025 ?

(A) Bhubaneswar, Odisha

(B) Indore, Madhya Pradesh

(C) Varanasi, Uttar Pradesh

(D) Bengaluru, Karnataka

(E) None of the above

95. अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2026 का विषय क्या था ?

(A) वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना

(B) प्रकृति के साथ सामंजस्यता और सतत विकास

(C) जैव विविधता और सतत पर्यटन

(D) सभी जीवों के लिए एक साझा भविष्य का निर्माण

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What was the theme of the International Day for Biological Diversity 2026 ?

(A) Acting Locally for Global Impact

(B) Harmony with Nature and Sustainable Development

(C) Biodiversity and Sustainable Tourism

(D) Building a Shared Future for All Life

(E) None of the above

96. 2026 में भारत के 100वें रामसर स्थल के रूप में नामित, जय प्रकाश नारायण पक्षी अभयारण्य (सुरहा ताल), उत्तर प्रदेश के किस जिले में स्थित है ?

(A) बलिया

(B) प्रयागराज

(C) बहराइच

(D) गोरखपुर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In 2026, the Jai Prakash Narayan Bird Sanctuary (Surha Taal) was designated as India's 100th Ramsar Site. In which district of Uttar Pradesh is it located ?

(A) Ballia

(B) Prayagraj

(C) Bahraich

(D) Gorakhpur

(E) None of the above

5194515207

97. *माँ, उमा, पद्मा: द एपिक सिनेमा ऑफ ऋत्विक घटक* नामक पुस्तक, जिसका आई.एफ.एफ.आई. (IFFI) 2025 में विमोचन किया गया, किसने लिखी ?

(A) भूपेन्द्र कैन्थोला

(B) मज़हर कामरान

(C) धीरज सिंह

(D) राजकुमार हिरानी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who authored the book *Maa, Uma, Padma: The Epic Cinema of Ritwik Ghatak*, unveiled at IFFI 2025 ?

(A) Bhupendra Kainthola

(B) Mazhar Kamran

(C) Dhiraj Singh

(D) Rajkumar Hirani

(E) None of the above

98. द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास इंद्र 2025 किन दो देशों की नौसेनाओं के बीच आयोजित किया गया था ?

(A) भारत और जापान

(B) भारत और ऑस्ट्रेलिया

(C) भारत और रूस

(D) भारत और फ्रांस

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The bilateral Naval Exercise INDRA 2025 was conducted between the navies of which two countries ?

(A) India and Japan

(B) India and Australia

(C) India and Russia

(D) India and France

(E) None of the above

99. 2026 में उत्तर प्रदेश से कला के क्षेत्र में पद्म श्री से किसे सम्मानित किया गया था ?

(A) अनिल कुमार रस्तोगी

(B) मंगला कपूर

(C) अशोक कुमार सिंह

(D) बुद्ध रश्मि मणि

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who was awarded the Padma Shri in 2026 in the field of Art from Uttar Pradesh ?

(A) Anil Kumar Rastogi

(B) Mangala Kapoor

(C) Ashok Kumar Singh

(D) Buddha Rashmi Mani

(E) None of the above

100. निम्नलिखित में से किन देशों ने ICC पुरुष T20 विश्व कप 2026 की सह-मेजबानी की थी ?

(A) वेस्टइंडीज़ और संयुक्त राज्य अमेरिका

(B) ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड

(C) संयुक्त अरब अमीरात और ओमान

(D) भारत और बांग्लादेश

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following countries co-hosted the ICC Men's T20 World Cup, 2026 ?

(A) West Indies and United States of America

(B) Australia and New Zealand

(C) United Arab Emirates and Oman

(D) India and Bangladesh

(E) None of the above